UP Board Solutions for Class 7 Hindi Chapter 20 एक संसद नदी की (मंजरी)

प्रश्न-अभ्यास

विचार और कल्पना

(क) ऐसी दस बातें/कारण लिखिए जिससे सिद्ध हो कि "जल ही जीवन है।"
उत्तरः

1. जल हमारी प्यास बुझाता है।
2. जल के माध्यम से ही हम अपना भोजन पकाते हैं।
3. जल वर्षा रूप में ग्रीष्मकालीन की गर्मी से हमें राहत देता है।
4. जल पेड़-पौधों और फसलों-वनस्पतियों के लिए भी अति आवश्यक है।
5. मछली, कछुआ, मगरमच्छ आदि सहित अनेक जलीय जीव केवल जल में ही जीवित रह सकते हैं।
6. जल से हम अपने वस्त्र धोते हैं।
7. जल से बरतन धोते हैं।
8. जन से घर की साफ-सफाई करते हैं।
9. जल से हम नहाते हैं।
10. जल से साग सब्जियों को भी धोते हैं।
    यदि इन सब कार्यों के लिए जल नहीं उपलब्ध हो पाएगा तो मानव-जीवन पशु-पक्षियों, जलीय जीव-जंतुओं और पेड़-पौधों का जीवन भी खतरे में पड़ जाएगा। अतः जल ही जीवन है।

रिपोर्ताज से

प्रश्न 1:
दो दशक पहले अलवर जिले में जो नदियाँ सूख गयीं थीं, उनके नाम क्या थे?
उत्तरः
दो दशक पहले अलवर की सूख जाने वाली नदियों के नाम- अखरी, रुपारेल, सरसा, भगाणी और जहाज वाली नदी आदि थे।

प्रश्न 2:
अक्टूबर 1985 ई० में राजेन्द्र सिंह राजस्थान के अलवर जिले के किशोरी गाँव में किस उद्देश्य से गए थे?
उत्तरः
राजेन्द्र सिंह किशोरी गाँव के लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से गए थे।

प्रश्न 3:
किशोरी और गोपालपुरा गाँव के लोगों ने राजेन्द्र सिंह को जल प्रबन्धन की कौन-सी पुरानी विधियाँ बतायी?
उत्तरः
छोटे-छोटे बाँध बनाए जाएँ, सूख चुके कुएँ और बावड़ियों को फिर से गहराकर जीवित किया जाए, इसके साथ जोहड़ बनाया जाए तथा नदियों को जिलाया जाए इत्यादि पुरानी विधियाँ बताई।

प्रश्न 4:
सूखी धरती में पानी लौटने के साथ और क्या-क्या परिवर्तन हुए?
उत्तर:
सूखी धरती में पानी लौटने से राजस्थान की पूरी तस्वीर ही बदल गईं। भू-जल स्तर उठने से कुएँ जल से भर गए, हरियाली वापस आ गई, धरती की उर्वरा शक्ति बढ़ गई, फसल चक्र बदल गया, अरावली की पहाड़ियों पर पुनः पेड़-पौधे उगने लगे तथा जो लोग रोजी-रोटी की तलाश में गाँव से पलायन कर गए थे, वे वापस आ गए और अपने खेतों में खेती करने लगे।

प्रश्न 5:
राजेन्द्र सिंह को मैगसेसे सम्मान क्यों दिया गया?
उत्तर:
जल संरक्षण के व्यापक प्रबन्ध के लिए राजेन्द्र सिंह को मैगसेसे सम्मान दिया गया।

प्रश्न 6:
रिमोट सेंसिंग तकनीक क्या है, इससे किस क्षेत्र में मदद मिलती है?
उत्तर:
इस तकनीक की मदद से उस जगह की पहचान की जाती है जहाँ पर पानी इकट्ठा किया जा सकता है, उस तकनीक को रिमोट सेंसिंग कहते हैं।

भाषा की बात.

प्रश्न 1:
सूखी धरती, सुखद उम्मीद, नंगे पहाड़ में क्रमशः सूखी, सुखद, नंगे शब्द "विशेषण' हैं। जबकि धरती, उम्मीद और पहाड़ 'विशेष्य' हैं। इस प्रकार के पाँच अन्य विशेषण-विशेष्य
को इस पाठ से छाँटकर लिखिए।
उत्तर:

विशेषण	**विशेष्य**
सूखी	**नदियाँ**
पाँच	**नदियाँ**
बाहरी	**व्यक्ति**
स्थानीय	**प्रशासन**
अनुभवी	**लोग**

प्रश्न 2:
निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए (प्रयोग करके)
उत्तर:
पानी लौट आया – जलस्तर ऊपर उठना
वाक्य प्रयोग – तालाब, बाँध, बावड़ी और जोहड़ों को गहरा खोदने तथा उनमें अधिक जल इकट्ठा करने से नदियों में पानी लौट आया।
चपेट में आना – प्रभाव होना
वाक्य प्रयोग – राजस्थान के अनेक गाँव सूखे की चपेट में आ गए।
तस्वीर बदलना – परिस्थिति बदल देना।

https://www.evidyarthi.in/

वाक्य प्रयोग – पानी आने से हरियाली छा गई और उजड़े गाँवों की तस्वीर बदल गई। नजरें टिकाना- गौर करना
वाक्य प्रयोग – लक्ष्य पर नजरें टिकाना अर्जुन से सीखा जा सकता है।
किला टूटना – हार होना।
वाक्य प्रयोग – सूखे के कारण गाँव वालों की उम्मीदों के किले टूट गए।
दिन फिरना – खुशी आना।
वाक्य प्रयोग – सूखी नदियों में पानी आ जाने से कृषकों के दिन फिर आए और भरपूर फसलें होने लगीं।

प्रश्न 3:
स्थान शब्द में 'ईय' प्रत्यय लगा कर 'स्थानीय' शब्द बनता है। इसी प्रकार निम्नलिखित शब्दों में ईय प्रत्यय जोड़कर नया शब्द बनाइए (शब्द बनाकर)
उत्तर:

शब्द	प्रत्यय सहित शब्द
राष्ट्र	राष्ट्रीय
जल	जलीय
आकाश	आकाशीय
संसद	संसदीय

प्रश्न 4:
'प्रबन्धन' में प्र' उपसर्ग है। इसी प्रकार निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग और मूल शब्द अलग-अलग कीजिए (अलग-अलग करके)
उत्तर:

उपसर्ग सहित शब्द	=	मूल शब्द	–	उपसर्ग
प्रहार	=	हार	–	प्र
प्रवर	=	वर	–	प्र
प्रशिक्षण	=	शिक्षण	–	प्र
प्रशासन	=	शासन	–	प्र
प्रगति	=	गति	–	प्र
प्रबुद्ध	=	बुद्ध	–	प्र